THE DEPUTY CHAIRMAN: Okay. At 4.30. Whatever you want. It is not my problem.

SHRI DIPEN GHOSH: In that case, do you suggest that the discussion on the Motion of Thanks will remain suspended for some time?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Yes. It remains suspended in the night also when we adjourn the House. *(Interruptions)*

SHRI DIPEN GHOSH: It is not a question of night. During the currency of the session. *(Interruptions)* Madam, it is not a question of joke.

THE DEPUTY CHAIRMAN: No. It is not a joke. I am very serious.

SHRI DIPEN GHOSH: I want to know because I have a Special Mention.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will allow you at 4.30. If you want it at 4.30. we will take it up at 4.30. Four-thirty *(Interruptions)*

अब एकदम शान्ति के साथ राम नरेश यादव जी को सुनने की कृपा करें।

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDEND'S ADDRESS

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदया, मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

राष्ट्रपति के प्रति निम्नलिखित रूप में कृतज्ञता ज्ञापित की जाये :—

> "राष्ट्रपति ने 24 फरवरी, 1992 को ससद् की दोनों सभाओं की बैठक में कृपया जो अभिभाषण दिया है, उसके लिए राज्य सभा के सदस्य, जो सभा के वर्तमान सत्र में उपस्थित हैं, राष्ट्रपति के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।"

महोदया, महामहिम राष्ट्रपति जी का अभिभाषण सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का दिग्दर्शक होता है। सरकार की नीति क्या है, सरकार की दृष्टि क्या है, कहां सरकार जाना चाहती है, इसका सारा संक्षिप्त विवरण, संकेत राष्ट्रपति के अभिभाषण में दिखायी पड़ता है। जब दिखाई पड़ता है तो महोदया, इस अवसर पर इतना जरूर कहना चाहता हूं कि यह जनतंत्र है और जनतंत्र में ससद् ही सर्वोच्च संस्था है किसी देश की और आपके देश में जो लोक सभा और राज्य सभा है, यह सर्वोच्च सस्थाएं हैं। जनतंत्र में आपसी विचार-विमर्श के आधार पर, बहस के आधार पर निर्णय हुआ करते हैं और निर्णय होने के पश्चात् ही निर्णय देश की जनता के सामने जाता है। जो सरकार की मशीनरी है उसे कार्य रूप में परिणत करती है इसलिए ऐसे समय में इस अभिभाषण में जो राष्ट्र के सामने चुनौतियां खड़ी हैं चाहे आतकवाद की हो, चाहे आर्थिक स्थिति हो या और जो सारी समस्याएं हैं गरीबी निवारण की समस्या है, उन सारी चुनौतियों का एक तरह से संकेत मात्र दिया गया है। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि जब पहली बार महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं तो मैं उधर बैठे लोगों से कहना चाहता हूं कि जब जनतंत्र में सब को अपनी बात कहने का हक हासिल है, विचार-विमर्श करने का हक हासिल है तो उन्हें राष्ट्रपति के अभिभाषण को बहुत शान्तिपूर्वक सुनना चाहिये था, उसका बहिष्कार नहीं करना चाहिये था क्योंकि उससे बल मिलता है सुनने और उसके बाद चिंतन करने का भी। इधर कई दिनों से जिस तरह से सदन की कार्यवाही में अवरोध उत्पन्न किया जाता है किसी न किसी प्रश्न को लेकर के वह समय जो राष्ट्र की जनता का है जिसमें सारा पैसा लगता वह एक तरह से अच्छा नहीं दिखाई पड़ता है उसकी तरफ से अच्छा नहीं दिखाई पड़ता है। उस तरफ से सारे सांसदों का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं क्योंकि आपके सामने चुनौतियां हैं और अवसर भी है (व्यवधान) चुनौतियां भी हैं और इस से बढ़िया सदन में कोई दूसरा अवसर भी नहीं मिलता है जहां विपक्ष अपनी भावनाओं को, सरकार की नीतियों के प्रति अपने दृष्टिकोण को रख सके अगर इससे बढ़िया अवसर होता तो मैं मोरारका जी से भी कहता चलिये हम लोग बैठ कर विचार करेंगे लेकिन इन चुनौतियों को सामने रखने के लिए सदन से उपयुक्त, इस सदन से उपयुक्त कोई दूसरी संस्था जनतंत्र में नहीं हो सकती है। इसलिए महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने पहले ही कुछ

[श्री राम नरेश यादव]

समस्याओं की चर्चा की है जो राजनीतिक हैं और राजनीतिक चर्चा करते समय पंजाब की तरफ विशेष ध्यान आकर्षित किया है। महोदय, पंजाब जो क्रान्तिकारियों की धरती रही, जहां पर जलियांवाला बाग गोली का हुआ, साइमन कमीशन का बहिष्कार करते हुए लाला लाजपतराय पर लाठियां पड़ीं, ब्रिटिश सरकार के दमन का विचार वह धरती रही और ऐसी धरती जहां से गुरु नानक जी का शान्ति, अहिंसा और प्रेम का संदेश आया, गुरुग्रन्थ साहब का वर्तमान दर्शन जिस धरती पर हो, पिछले कुछ दिनों से, कुछ वर्षों से उस धरती पर आतंकवाद की जड़ें जिस तरह से जम गई हैं वह देश के लिए बड़ी चिन्ता का विषय है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि उधर बैठे हुए लोग जब सत्ता में आए थे, आने की बात कर रहे थे तो उस समय उन्होंने अपने चुनाव घोषणा-पत्र में कहा था कि Elections to the Punjab Assembly will be held expeditiously.

हम पंजाब में चुनाव जल्दी करा देंगे। वह तो चले ही गये, इधर से उधर जा बैठे हैं लेकिन पंजाब का चुनाव नहीं करा सके तथा वहां पर जो आतंकवाद की स्थिति थी उसका सामना भी नहीं कर सके।

THE LEADER OF THE OPPOSITION (SHRI S. JAIPAL REDDY): Madam, I would like to put the record straight. The election process was started in Punjab. The Congress(I) boycotted that election. And the Congress (I) which has come to power again got the election cancelled. You must first apologise to the nation. (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please. Mr. Jaipal Reddy.

SHRI S. JAIPAL REDDY: You have not participated in the election.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please, Mr. Jaipal Reddy. Let me remind the House that the meaning of a discussion from every section of the House is that while you get your chance, you can say if he has said anything wrong. If you keep on interrrupting, then I am sure, you are not going to agree with every word Mr. Ram Naresh Yadav says. So, let us not do that.

SHRI YASHWANT SINHA (Bihar): On facts, we will challenge. If it is totally wrong, it has to be challenged.

SHRI S. JAIPAL REDDY: The fact of the history is that the election process started in Punjab, and you could not participate in the election. You got the election postponed. (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please do not interrupt. I am not allowing any interruptions.

श्री ईश दत्त यादव : महोदया . . .

उपसभापति : आप डिप्टी लीडर हैं अपनी पार्टी के, बैठिए. (व्यवधान)

That is not proper. I am not allowing. Anybody who speaks without my permission is not going on record. (*Interruptions*)

बैठिए, बैठ जाइये।

I am not allowing anything.

SHRI YASHWANT SINHA: **

उपसभापति : राम नरेश जी बोलिए आप। कंटीन्यू करें। आप बोलते रहिए।

श्री राम नरेश यादव : महोदया, यह नेशनल फ्रंट का घोषणापत्र मेरे हाथ में है जो पूरे देश की जनता के सामने गया था और जिसके आधार पर इन लोगों ने चुनावी वादे किये थे। इसके आधार पर मैं कहना चाहता हूं कि नेशनल फ्रंट जब सत्ता में आया तो इन्होंने (व्यवधान) आप भी इनके साथ में थे (व्यवधान) नेशनल फ्रंट साथ में था।

उपसभापति : आप जरा कृपया खामोशी से सुनिए (व्यवधान)

SHRI KAMAL MORARKA (Rajasthan): Madam, he should also maintain discipline.

---

*Not recorded.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I tell you one thing. I am repeating it again. I don't believe you are going to agree with Mr. Ram Naresh Yadav. So, whatever he says, you are not going to believe it. So, let him speak. This is not the only point you are not agreeing to. And I am sure he is not going to agree to what you say. So, let us have a discussion in healthy spirit. *(Interruptions)* Please This is the meaning of democracy. Please have patience and tolerance. And I request the same from this side also. बोलिये।

श्री राम नरेश यादव : महोदया, चुनाव तो नहीं करा सके...

उपसभापति : अभी जरा चुप हो जाइये।

श्री राम नरेश यादव : चुनाव तो नहीं करा सके। इतना जरूर एक काम हुआ कि ये लोग आपस में टूटकर कोई इधर बैठे, कोई उधर बैठे। इतना जरूर हो गया। इसीलिए मामले को हल नहीं कर सके। जहां तक कांग्रेस पार्टी का ...(**व्यवधान**)

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): Madam, they changed only positions but Mr. Yadav has changed parties.

श्री राम नरेश यादव : महोदया, वास्तविकता यह है कि पंजाब की सीमा करीब 554 किलोमीटर लगती है पाकिस्तान से और उस सीमा पर सरकार की तरफ से पिछले दिनों जो कदम उठाये गये थे हमारी सरकार ने, कांग्रेस की सरकार ने राजीव गांधी के नेतृत्व में जो कदम उठाये थे और इधर वर्तमान श्री पी०वी० नरसिंह राव के कुशल नेतृत्व जो कदम उठाये गये हैं उनके आधार पर एक बात तो साफ दिखाई पड़ती है कि उस आतंकवाद को रोकने के लिए—क्योंकि बाहर से लोग आते थे, आतंकवादी आते थे, जो हथियार लेकर आते थे, जो प्रशिक्षण प्राप्त करके आते थे पंजाब में उनके जरिये जिस तरह से आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा था उसको रोकने के लिए बाड़ लगायी गयी और उसके साथ साथ फ्लड लाइट का इंतजाम किया गया करीब 384 किलोमीटर तक। इन सब चीजों के साथ साथ एक चीज थी जो विशेष रूप से बहुत चिंता का विषय बनी हुई थी जिसकी तरफ पिछली बार राष्ट्रपति का अभिभाषण जब सदनों में हुआ था तो उस समय भी, 21 फरवरी, को उन्होंने पूरे देश की जनता का ध्यान उधर दिलाया था। सचमुच एक चिंता का विषय बन गया था इसलिए कि 1990-91 में 5058 लोग मारे गये थे, उस आतंकवाद के शिकार हुए थे और 1978-79 तक कुल 5070 लोग मौत के शिकार हुए थे, उनकी हत्यायें हुई थीं। इसलिए एक साल के अंदर इतने लोगों की हत्या का होना पूरे देश के लिए एक चिंता का माहौल बनना, वातावरण बनना बहुत ही आवश्यक था, इस बात को ध्यान में रखकर ही पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि हम सत्ता में आने के बाद पंजाब की समस्या को हल करने के लिए—एक बात तो जरूर दिखाई पड़ती है कि जनता के हाथों में पंजाब के शासन को सौंप दें। चुने हुए प्रतिनिधियों के हाथों में, जनता के हाथों में पंजाब के भाग्य का फैसला करने का अधिकार उन्हें देने का काम किया है। यह निर्णय घोषणा-पत्र में किया गया था और उसके आधार पर चुनाव भी हुआ, चुनाव के नतीजे भी आए और, महोदया, बहुत प्रसन्नता की बात है कि बेअंत सिंह के नेतृत्व में पंजाब में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी है, जो निश्चित रूप से जो वहां की चुनौतियां हैं, पंजाब के सामने जो आतंकवाद बढ़ा हुआ है, उन सारी समस्याओं को हल करने में गंभीरता के साथ विचार कर रहे हैं और करेंगे भी, क्योंकि चुनाव के नतीजे जो आए, उसमें भी एक बात मैं कहना चाहता हूं कि जब जनतांत्रिक ढंग से चुनाव की प्रक्रिया में भाग लेकर उस पंजाब की समस्या को हल करने का समय आ रहा था, उस समय भी लोगों ने चुनाव का बहिष्कार किया और बहिष्कार करके जो एक जनतांत्रिक प्रक्रिया हो सकती है—आप चुनाव में भाग लेते।

कांग्रेस पार्टी ने अगर उस समय रद्द कर दिया था, चुनाव नहीं करवाने का फैसला किया था, उस बात को जनता के

[श्री राम नरेश यादव]

बीच में लेकर आप जाते और कहते कि कांग्रेस की सरकार ने गलत काम किया है। उसका फायदा आपको मिलता या कांग्रेस को मिलता। यह बात चुनाव के बाद मतदान के बाद आ जाती, लेकिन आपने वह भी, कुछ लोगों ने हिम्मत नहीं की, चुनाव का बहिष्कार किया। लेकिन इसके बावजूद भी वहां की जनता ने, उस आतंकवाद की परिस्थिति में जहां पर कि हिंसा का माहौल हो, जहां पर कि घोर आतंकवाद का वातावरण व्याप्त हो, उस परिस्थिति में भी कितनी दिलेरी और साहस से काम लेकर जनतांत्रिक तरीके में विश्वास करके जिस तरह से मतदान केन्द्रों पर जाकर मतदान किया और कांग्रेस के पक्ष में विधान सभा में भी दो-तिहाई से अधिक बहुमत प्राप्त करके कांग्रेस पार्टी ने वहां पर एक ऐसा ऐतिहासिक काम किया है और जनता के हाथों में, जो चुने हुए लोग थे, उनके हाथों में शासन की बागडोर देकर पंजाब की समस्या को हल करने का एक अवसर दिया है।

इसलिए महामहिम राष्ट्रपति जी ने भी अपने अभिभाषण में कहा है कि चुनौती भी है और अवसर भी है और उस अवसर का लाभ वहां की सरकार लोगों से बात करके--एक बात बहुत साफ है कि संवैधानिक ढांचे के अंतर्गत जैसा कि हमारे प्रधान मंत्री ने कई एक अवसरों पर कहा है और कल भी कहा है कि हम संवैधानिक ढांचे के अंदर रह कर इस आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए किसी भी शक्ति से चाहे वह सिख स्टुडेंट फेडरेशन हो चाहे और भी जो वहां के आतंकवादी संगठन हैं उनसे मिल करके भी बातचीत करने के लिए भी सरकार पीछे नहीं रहेगी। इसलिए यह भी मामला अपनी जगह पर बहुत ही स्पष्ट है।

साथ ही कश्मीर का मामला भी वैसा ही है। महोदया कश्मीर में सीमा के पार से दलों का आना वैसी ही स्थिति है आतंकवादियों की सहायता, हथियार देना और उसमें विशेष रूप से एक बात साफ है कि पाकिस्तान में जो तथाकथित समायोजन पाक आक्युपाइड कश्मीर की बात कही जाती है वहां पचासों शिक्षण के केन्द्र भी है। वहां से हथियार भी आते हैं लोग लेकर घुसते हैं और घुसने के बाद कश्मीर की उस धरती को जो धरती का स्वर्ग माना जाता है, परियों का देश माना जाता है, ऐसे कश्मीर को जहां के झरने, जहां का प्राकृतिक सौंदर्य और ऐसा कश्मीर, जिस कश्मीर में इस देश के अंदर जो हमारे संविधान में सेक्युलरिज्म की व्याख्या की गई, है, व्यवस्था की गई है, उस कश्मीर ने सेक्युलरिज्म का जिस तरह से परिचय दिया था, वह कश्मीर आज जिस तरह से एक ऐसा अड्डा बन गया है, वह भी एक चुनौती है पूरे देश के लिए राष्ट्र के लिए और चिंता का विषय भी है।

मैं इसलिए कहना चाहता हूं कि जिस तरह सारे अपहरण की घटनायें हो रही हैं और 56 हजार परिवार कश्मीर को छोड कर जिस तरह से वहां से भागे हैं, दूसरी जगहों पर शरण ले रहे हैं, उनकी भी समस्या का समाधान करने का सवाल है।

इन सारी चीजों के होते हुए जबकि पाकिस्तान का हाथ दिखाई पड़ता है, अभी पिछले दिनों प्रधान मंत्री जी ने पाकिस्तान के प्रधान मंत्री से बात भी की। प्रधान मंत्री भी आये थे, उनसे भी सारी बातें हुई, लेकिन इसके बावजूद भी जिस तरह से वहां के जो कई संगठन हैं और उनके आधार पर जो वहां पर इस तरह की स्थिति पैदा की जा रही है, यह बहुत ही गंभीर विषय है। उसकी तरफ भी सरकार का ध्यान गया है।

मैं इसलिए कहना चाहता हूं कि सचमुच में इधर पिछले दिनों जिस तरह से अमानउल्ला खां ने जो कश्मीर में घुसने की धमकी दी थी, सरकार की जो तैयारी थी, उसके आधार पर जो लाईन आफ एक्चुअल कंट्रोल है, सरहद, है, जो नियंत्रण रेखा है, उसको वह पार नहीं कर सके। अब फिर उन्होंने चुनौती दी है कि 30 मार्च को वह अपने सारे दल बल के साथ प्रवेश करेंगे। यह मामला भी एक गंभीर चिंता का विषय है। लेकिन इतना जरूर है कि कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है। वह भारत से अलग नहीं रह सकता। क्यों नहीं रह सकता? इसलिए कि हमारे सामने कहीं-कहीं पर ऐसे अवसर भी आते हैं जब कुछ लोग शेख अब्दुल्ला के चरित्र पर भी और उनकी राष्ट्रीयता पर भी, उनका

जो सैकुलर चरित्र है उस पर भी आरोप और आक्षेप लगाने की बात कहते हैं। लेकिन इस सदन को धन्यवाद देना चाहिए, आज वे हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन इतना जरूर है कि शेख अब्दुल्ला ने जिस तरह से उस परिस्थिति में जबकि दो राष्ट्र का सिद्धांत पाकिस्तान मांग रहा था मो0 अली जिन्नाह ने पूरे देश के सामने दिया था अगर शेख अब्दुल्ला चाहते, वहां की जो सैकुलर फोर्सेज नहीं थीं वह अगर चाहतीं तो वह पाकिस्तान के साथ भी जा सकती थीं, लेकिन ऐसे समय में सन् 1947 में जबकि कबायली लोगों ने आक्रमण किया वहां पर कितना नुकसान किया, कितना उजाड़ने का काम किया ये सारी चीजें जब होती रहीं हथियारों से लैस हो कर लोग आते रहे उस समय भी उस परिस्थिति में शेख अब्दुल्ला ने वहां की रियासत ने जिस तरह से एक एतिहासिक परिचय देने का काम किया राष्ट्रीयता का परिचय दिया वह भी अपने आप में एक बेमिसाल है। क्योंकि अगर नहीं चाहते तो काश्मीर भारत का अंग नहीं बनता। जो सन् 1947 का विलय हुआ एक्शन हुआ, वह सच मुच में आज भी हिन्दुस्तान के लिए एक ऐसी चीज है कि काश्मीर भारत का अविभाज्य अंग बन चुका है। किसी भी कीमत पर वह हम से अलग नहीं हो सकता और भारत का एक-एक नागरिक किसी भी कीमत पर जो लोग कि वहां पर सांप्रायिक सद्भाव को बिगाड़ना चाहते हैं उन्हें भी बर्दाश्त करने को तैयार नहीं होगा।

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : जगमोहन साहब जी का स्टेटमेंट . . . (व्यवधान)

उपसभापति : अभी बैठिए। (व्यवधान)

श्री राम नरेश यादव : मेरे साथी बी.जे.पी. के लोगों का उतावला होना कुछ स्वाभाविक है क्योंकि अभी कुछ ही दिन पहले जोशी जी ने जम्मू को काश्मीर से भी अलग करने की बात कह दी। एक तरफ तो काश्मीर भारत का अविभाज्य अंग और दूसरी तरफ जम्मू और काश्मीर को भी अलग से राज्य बनाने की मांग अभी थोड़े ही दिन पहले किया है। साथ ही साथ महोदया यह लोग तो क्या से क्या नहीं कर डाले हैं आज जो इस समय, अभी फिर यह जो अब्दुल क्यूम साहब ने, जो कि कथित काश्मीर के सो-काल्ड प्रधान मंत्री कहे जाते हैं सरकार क्यूम, जिन्होंने कहा है कि हम खुद नियंत्रण रेखा को पार करेंगे और अभी अमानुल्ला ने भी कहा जो कि जम्मू-काश्मीर लिबरेशन फ्रंट के हैं उन्होंने भी कह दिया कि हम 30 तारीख को नियन्त्रण रेखा को पार करेंगे। मैं तो यह कह रहा हूं कि आखिर यह स्थिति क्यों पैदा हो रही है, कौन जिम्मेदार हैं? जिम्मेदार हैं वह लोग जिन लोगों ने एकता के नाम पर एकता यात्रा करके काश्मीर के उन दिलों को भी तोड़ने का काम किया, पिछले दिनों जो कि हमारी सरकार ने कदम उठाया था मिलिट्री भेज करके वहां पर चुनाव कराने का माहौल बनाने की जो प्रक्रिया थी उसे तेज करने की दिशा में कदम उठाया था, उस पर भी आघात पहुंचाने का काम किया है, बल्कि सारे जितने आतंकवादी थे उन आतंकवादियों को ला करके एक कर दिया है। परिणाम यह हुआ कि चारों ओर से वह सारे लोग हत्या करने में और अपहरण करने में लग गए हैं। जब शेख अब्दुल्ला की बात आती है, महोदया, अगर कहीं इस समय का बयान होता तो बात कुछ दूसरी होती, लेकिन मैं सैक्यूरिटी कौंसिल में . . . (व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : आप मानते हैं कि सन् 1953 में जब जवाहरलाल नेहरू ने गिरफ्तार करके . . . (व्यवधान)

उपसभापति : आपका नाम जबग्राए गा मैं आपको जरूर बुलाउंगी।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : यह तो जानकारी (व्यवधान)

उपसभापति : जानकारी जो भी होगी वह दें।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : वह जबाव दें।

उपसभापति : वह जवाब दे या नहीं दें मगर मैं एलाउ नहीं कर रहीं हूं... (व्यवधान) बोलने दीजिए।

He is the Mover. Let us not disturb his trend of thought.

श्री राम नरेश यादव : महोदया, मैं इसलिए कह रहा हूं कि अगर हमारे विपक्ष के लोग वास्तविकता को भी स्वीकार नहीं करते और वह स्वीकार करने का मतलब कि काश्मीर का भारत के साथ विलय होना और उस संबंध में मैं कहना चाहता हूं कि सुरक्षा कौंसिल में जब शेख अब्दुल ने जो बयान दिया था और उसके बाहर भी जिस तरह के बयान हमने दिए थे वह इस बात का सबूत है कि सचमुच में किस तरह से उनमें राष्ट्रीयता का भाव सेक्युलरिज्म का भाव था, लोगों को लेकर चलने का भाव था जबकि कोई दबाव भी उनके ऊपर नहीं था। उन्होंने सेक्युरिटी काउंसिल की जो बैठक हुई थी, पेज-21 पर कहा है कि–

"I was explaining how the dispute arise—how Pakistan wanted to force this position of slavery upon us. Pakistan had no interest in our liberation—let me repeat—Pakistan had no interest in our freedom movement. Pakistan would have supported us when thousands of my countrymen were behind bars and hundreds were shot to death."

उसके आगे फिर 24वें पेज पर कहा है–

"The Pakistani leaders and Pakistani papers were heaping abuse upon the people of Kashmir who were suffering these tortures."

फिर उन्होंने कहा है –

"Then, suddenly, Pakistan comes before the bar of the world as the champion of the liberty of the people of Jammu and Kashmir."

इस तरह कहने के बाद फिर उन्होंने कहा है–

"I had thought all along that...

फिर कहा है–

"When the raiders came to our land, massacred thousands of people—mostly Hindus and Sikhs, but Muslims too—abducted thousands of girls, Hindus, Sikhs and Muslims alike, looted our property and almost reached the gates of our summer capital, Srinagar, the result was that the civil, military and police administration failed."

आगे कहा है–

"These raiders abducted women... Under these circumstances, both the Maharaja and the people of Kashmir requested the Government of India to accept our accession."

उन्होंने कहा कि सरकार ने एक्सेसन कर लिया, इसलिए अब आज उस बात को ध्यान में रखकर जो विशेष परिस्थिति एक्सेसन के समय थी, आर्टिकल–370 की जो व्यवस्था की गयी थी, उसको हटाने की बात जो बी.जे.पी. के लोग कहते हैं और कुछ दूसरे साथी कहते हैं, वह सचमुच में जो काश्मीर की स्थिति ठीक बनती है, रह-रहकर ये उसके घावों पर नमक छिड़कने का काम करते हैं। उस विशेष परिस्थिति को हटाकर वहां के लोगों में एक अविश्वास की भावना भारत के प्रति पैदा करना चाहते हैं। महोदया, सरकार ने कहा है और प्रधान मंत्री जी ने भी स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार से आर्टिकल–370 को हम नहीं हटा सकते जोकि विशेष परिस्थितियों में उस समय संविधान की मान्यता के आधार पर उनको दी गयी थी।

साथ-ही-साथ महोदया कुछ कदम भी उठाए गए हैं–बाढ़ लगायी गयी है, सलाहकार परिषद का गठन भी किया गया है, बातचीत की भी सरकार इच्छुक है और अभी पिछले दिनों प्रधान मंत्री जी ने भी आतंकवाद से निपटने के लिए, जम्मू-काश्मीर और पंजाब की समस्या पर विचार करने के लिए सारे विरोधी दलों के नेताओं की बैठक बुलायी थी। आखिर और क्या रास्ता हो सकता है ? इसीलिए मैंने पहले भी कहा कि जनतंत्र में आपसी विचार-विमर्श

आपसी बातचीत और आम सहमति के आधार पर ही तो निर्णय लिए जा सकते हैं। कहीं से कोई बाहरी निर्णय तो नहीं लादा जा सकता है और न थोपा जा सकता है ?

महोदया, जो इन्होंने एकता यात्रा की थी, उससे सिर्फ यही नहीं हुआ बल्कि पूरे प्रदेशों में जहां-जहां से भी एकता यात्रा गुजरी वहां स्थिति खराब हुई। अयोध्या में, लखनऊ में, और हापुड़ में और इससे पहले भी कुछ और स्थानों में हो गई। यह सारी चीजें इसलिए हुईं कि जिस-जिस रास्ते से लोग गए वहां पर जिस तरह से इनके भाषण होते थे, उससे भी यह हुआ क्योंकि झांसी में सारी सरकार जाकर स्वागत करती है और आगरा में विदाई देती है। लखनऊ में जाकर बाहर स्वागत करती है। आखिर यह क्या हो रहा है ?

श्री संघ प्रिय गौतम : महोदय, हमारी आलोचना के बगैर तो इनका हाजमा भी ठीक नहीं रहता है। इसलिए इन्हें हाजमोला की गोलियों की एक-एक शीशी दे दी जाय।

श्री राम नरेश यादव : महोदया, एक तरफ तो ये लोग संविधान की शपथ खाते हैं और शपथ खाने के बाद अपना ऐसा चरित्र प्रदर्शित करते हैं कि जिस चरित्र के आधार पर सचमुच में देश के अंदर एक सांप्रदायिकता की आग जलती है, लोगों के दिल टूटते हैं और आपस में एक-दूसरे के प्रति अविश्वास की भावना जागती है। लेकिन यह देश तो जिस सेकुलरिज्म के आधार पर चला था, स्वाधीनता संग्राम के दौरान भी वही हमारा आदर्श रहा कि, "सर्वधर्म समभाव" और आज भी कांग्रेस का जो आधार और दर्शन है, उसी आधार पर कांग्रेस चलती रही है। इन बातों को ध्यान में रखकर राष्ट्रपति जी ने कदम उठाने की बात कही है। आखिर दूसरे और कौन से रास्ते हो सकते हैं जिससे जनतांत्रिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाय। बातचीत है, अभी हुई है और फिर इसके बाद अभी फिर बात की गई है कि कैसे लोकल बोडोज के चुनाव कराये जायें। अभी गृहमंत्री जी ने भी कहा था, पिछले दिनों घोषणा थी कि हम चाहते हैं कि हमारी जो सेना है वह सेना जिस तरह से माहौल पैदा कर रही है, उस आधार पर कोई भी कठोर से कठोर कदम उठाना पड़ेगा तो उठाए जायेंगे, लोगों के खिलाफ कार्यवाही होगी ताकि जिस तरह से अभी पंजाब में जनतंत्र बहाल हुआ है उसी तरह कश्मीर में भी आने वाले दिनों में वह वातावरण बने ताकि वहां के लोग उसी तरह से चुनाव में जनतांत्रिक आधार पर भाग लेकर अपने भाग्य का निपटारा करने में सक्षम और समर्थ हो सकें। यही आज की आवश्यकता है।

मैडम, उसी तरह से इधर हमारे पूर्वोत्तर में आसाम, आसाम में अलफा, उधर भी राष्ट्रपति जी ने ध्यान आकर्षित किया है। वह भी एक चिंता का विषय है क्योंकि अभी सितंबर, 1991 में वहां पर फौज भी भेजी गई। पिछले दिनों चुनाव भी हुआ, अपनी सरकार है, सरकार चल भी रही है, लेकिन अलफा के लोगों ने भी, जो पिछले दिनों आंदोलन कर रहे थे, उनमें बहुत से लोगों ने सरेण्डर भी किया, गिरफ्तारियां भी हुईं। इधर बोडो के लोग भी कुछ अपना आंदोलन चलाना चाहते थे। कई तरह के लोग थे, जिन्होंने अपने-अपने ढंग से आसाम में आतंकवाद को बढ़ावा देने का काम किया है। आज वहां श्री हितेश्वर सैकिया की कांग्रेस सरकार है, वह लगी हुई है उनसे बातचीत करने में और बातचीत के आधार पर अभी पिछले दिनों फिर से, वहां पर मिलटरी ने जो अपना सारा अभियान छेड़ रखा था; वह कुछ स्थगित कर दिया था और वह इसलिए कि वातावरण बने कुछ बातचीत का और बातचीत के वातावरण के सिलसिले में यह बात भी साफ है, पहले ही मैंने कह दिया कि जो हमारा संवैधानिक ढांचा है, जो हमारा संविधान है, जिसमें अपने देश की, स्वायत्तता की रक्षा करने का सवाल है उस सवाल को ध्यान में रखकर उन लोगों के सामने घुटने टेकने का सवाल नहीं है बल्कि उस दायरे में किसी तरह से भी कोई बात करने में सरकार न तो हिचकिचाएगी और न दूसरे लोग हिचकिचायेंगे। इसलिए इस आधार पर सरकार का ध्यान, राष्ट्रपति महोदय का ध्यान गया है। यह

(श्री संघ प्रिय गौतम)

आज एक चुनौती है क्योंकि यह आतंकवाद राष्ट्रीय समस्या है, एक दल की समस्या नहीं है और जब एक दल की समस्या नहीं है बल्कि राष्ट्रीय समस्या बन गई तो इधर के बैठे हुए लोग हों चाहे विपक्ष के लोग सारे हों या सत्ता पक्ष के लोग हों, सारे लोगों की जिम्मेदारी है कि मिलजुलकर एक कानसेन्सस के आधार पर समस्या का समाधान निकाला जाए ताकि जनतांत्रिक ढंग से वहां पर भी, कश्मीर में जैसी स्थिति बनने वाली है, आसाम में जो बनी है, इसका निवारण हो सके क्योंकि हमारा तेल उत्पाद, कच्चा माल पेट्रोलियम पदार्थ पैदा होता है, उसमें जिस तरह से रह-रह कर सारी स्थिति पैदा हो जाती है वह न हो क्योंकि यह भी हमारे विकास में बाधा बनती है इसलिए उधर भी सरकार का ध्यान गया है और यह एक अच्छी चीज हुई है ।

महोदया, दूसरी बात यह है कि सचमुच में यह जो रामजन्म-भूमि और बाबरी मस्जिद के विवाद की जो स्थिति है, इस पर महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने इस आधार पर कहा है कि रामजन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद से उत्पन्न स्थिति पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है यह सचमुच में हमारी जो राष्ट्रीयता है, हमारी जो एकता है और हमारा जो धर्म-निरपेक्ष दर्शन है देश का, सरकार का उस पर भी कभी-कभी घातक प्रहार होते हैं और जब घातक प्रहार हो जाते हैं, कुछ संकुचित मनोवृत्ति के द्वारा, कुछ सोच के द्वारा जाने या अनजाने कहीं पर तो उससे देश के लोगों को और ऐसे लोगों को, जो देश को एक सूत्र में पिरोकर, बांधकर ले चलना चाहते हैं उनको बड़ी चोट पहुंचती है । इसी बात को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय एकीकरण की बैठक भी पिछले दिनों प्रधानमंत्री जी ने बुलाई थी और उसमें इन सारे प्रश्नों पर विचार भी हुआ था । एक बात जो बहुत जरूरी है, इस सिलसिले में कट्टरवादिता जो है, वह जो धार्मिक लोग हैं उनकी कट्टरवादिता में अंतर्द्वन्द होता है । उसके बीच से ही सांप्रदायिकता का जन्म होता है और जब सांप्रदायिकता का जन्म होता है तो उसके परिणाम बड़े घातक और बुरे होते हैं क्योंकि यही स्थिति वहां देखने को मिली है । पिछले 105 वर्षों से कांग्रेस हमारी हजारों साल पुरानी स्वर्णिम सभ्यता में व्याप्त अनेकता में एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती रही है, इसे अपनी मान्यताओं का आधार बनाती रही है । धर्मनिरपेक्षता के हमारे दर्शन का यह मूल आधार है । सर्वधर्म समभाव की हमारी इस महान सांस्कृतिक विरासत पर कभी-कभी घातक हमला हो जाता है और ऐसे पृथकतावादी, जिनकी साम्प्रदायिक सोच है, उनको हम भारतीय मानस के टुकड़े करने नहीं दे सकते । हम भारत के लोगों की भावनात्मक एकता को नष्ट नहीं होने दे सकते और अपने एक समाज को खंडित नहीं होने दे सकते ।

1951 में इसी प्रश्न पर प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने कहा था कि "यदि कोई मनुष्य धर्म के नाम पर किसी दूसरे मनुष्य पर हाथ उठाता है तो उसके खिलाफ मैं अपनी आखिरी सांस तक लड़ता रहूंगा, चाहे मैं सरकार में रहूं या उसके बाहर।" यह हमारे सैक्यूलरिज्म का, उस दर्शन का आधार रहा है और जब यह आधार रहा है तो उसी आधार पर हमारी पार्टी ने अपने घोषणा-पत्र में पहले ही कहा था कि हम सत्ता में आने के बाद ये जो हमारे धार्मिक स्थल, पूजागृह हैं और इन पूजागृहों को लेकर के समय-समय पर जो देश में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ा जाता है, उसको तोड़ने की कोशिश की जाती है, हम उसको नहीं तोड़ने देंगे । इसीलिए राजीव गांधी जी ने, जो उनका आखिरी दस्तावेज था, उस घोषणा-पत्र में इस बात की व्यवस्था की थी कि सत्ता में आने के बाद हम एक ऐसा विधेयक लाएंगे जिसके आधार पर कि 15 अगस्त, 1947 को जो स्थिति सभी धार्मिक पूजा-स्थलों की थी, उन स्थलों को उसी आधार पर हम रखेंगे ताकि आने वाले दिनों में कोई विवाद इस तरह का न हो सके, उसे दंडनीय अपराध भी माना जाएगा । पिछले दिनों सरकार ने एक बिल भी लाने का काम किया, वह विधेयक भी पास हो चुका है, कानून बन चुका है और

उसके पीछे मंशा यह थी कि आखिर धर्म की आड़ में जिस तरह से नाटक और खेल खेला जाता है और आज भी राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद के नाम पर जिस तरह से, रह रह कर यह चीज में नहीं कहना चाहता, लम्बी कहानी हो जाएगी, मगर इतना जरूर है कि उधर बैठे हुए लोगों ने सत्ता में आने के बाद जिस तरह से साम्प्रदायिकता को बढ़ावा देने का काम किया था, पूरे देश के अंदर जो एक आग लगी थी उससे जो लोग तबाह और परेशान हुए थे, यह सब लोगों के सामने है और उनको भी ध्यान में रखते हुए यह कानून बनाया गया है और साम्प्रदायिक हिंसा से प्रभावित परिवारों की देखभाल करने के लिए भी साम्प्रदायिक सौहार्द प्रतिष्ठान बनाया गया है ।

मैं प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि बहुत दिनों से जो एक मांग चली आ रही थी कि जब साम्प्रदायिक दंगे होते हैं, लोगों के खून गिरते हैं, लोग उसे समझ नहीं पाते हैं क्योंकि उस समय तो साम्प्रदायिकता में मनुष्य मदान्ध हो जाता है, समझ नहीं पाता है, इसलिए इन्सान का खून तो खून है और इसलिए इस बात को ध्यान में रखकर बराबर यह मांग की जाती रही है कि जब ऐसे अवसरों पर कहीं पर पी.ए.सी. जाती है तो जाकर के वह भी पक्षपात करती है, इस तरह की मांग बहुत दिनों से उठाई जाती रही है । हमने घोषणा-पत्र में भी कहा था कि रेपिड एक्शन फोर्स, वह रेपिड एक्शन फोर्स, जैसा कि अभिभाषण से स्पष्ट होता है कि उसका गठन भी कर लिया गया है और यह गठन उस इतिहास की देन है जिसके आधार पर कोई भेदभाव न रहे देश में । ऐसे समय में एकरूपता रहे, समानता का व्यवहार रहे, भाईचारे का व्यवहार रहे और जो शासन की कड़ी है, वह कड़ी भी ऐसे मौके पर वैसा ही आचरण करे, इस बात को ध्यान में रखकर रेपिड एक्शन फोर्स का भी गठन हो गया है और उस रेपिड एक्शन फोर्स के गठन के पश्चात और भी जो कमियां होंगी, जो आप लोगों की तरफ से, उधर से जो कुछ सुझाव आएंगे, उनके संबंध में भी सरकार कुछ विचार करेगी क्योंकि यह देश तो सबका है । 85 करोड़ लोगों का यह देश है हिन्दू भी रहते हैं, मुसलमान भी रहते हैं, सभी धार्मिक सम्प्रदायों के मानने वाले लोग यहां रहते हैं और अगर कहीं किसी धर्म के मानने वाले की भावना को ठेस पहुंचाकर के, कहीं मस्जिद को गिराकर के, मस्जिद को ठेस पहुंचाकर के कोई मंदिर बनाने की बात करता है, कहीं गुरुद्वारे को ठेस पहुंचाकर के कोई अगर मस्जिद बनाना चाहता है तो इस तरह की बात को अब इस देश के लोग पसंद नहीं करेंगे । इसलिए पसंद नहीं करेंगे कि सचमुच में देश का जो दर्शन है साम्प्रदायिक सौहार्द रखने का, लोगों को लेकर के चलने का, एक सूत्र में बांधकर के ले चलने का, उस पर किसी भी कीमत पर आघात नहीं आने देंगे और यही देश की सबसे बड़ी विजय है जिस आधार पर कि लोगों को चलना है ।

संविधान में जो व्यवस्था की गयी है उस व्यवस्था के आधार पर इसे लागू करके यह बता भी देना है कि हम किसी भी तरह से किसी की भावना को ठेस नहीं पहुंचा सकेंगे । बी.जे.पी. के लोग जरूर समय-समय पर कुछ कहा करते हैं । लेकिन अब उन लोगों को भी अपने को टटोलना पडेगा, देखना पड़ेगा और अंतर्मुखी होकर विचार करने के बाद ऐसे कदमों से, ऐसे रास्तों पर चलने से अपने को तैयार करना पड़ेगा । साम्प्रदायिक हिंसा से परिवार तबाह होता है, लोग मारे जाते हैं, बहुत नुकसान होता है । इसलिये साम्प्रदायिक हिंसा से प्रभावित हुये परिवारों के बच्चों की देखभाल के लिये साम्प्रदायिक सौहार्द प्रतिष्ठान की भी स्थापना की गई है ।

महोदया, बहुत दिनों से दिल्ली को राज्य का दर्जा देने की मांग चली आ रही थी । ... (**व्यवधान**) ...

श्री यशवन्त सिन्हा : एक घंटा और इनको दिया जाना चाहिये । .. (**व्यवधान**) ..

श्री राम नरेश यादव : आप लोग तो हमारे मित्र ही हैं... (**व्यवधान**) ...महोदया, दिल्ली के बारे में बहुत दिनों से जो विधान सभा की मांग चली आ रही थी उसकी भी हमारी सरकार ने पिछले दिनों घोषणा की है और डि-लिमिटेशन की भी कार्रवाई हो रही

(श्री राम नरेश यादव)

है । यह एक ऐसा मामला है जिसकी तरफ भी पूर्ण ध्यान दिया गया है। . . (**व्यवधान**) :

श्री अनन्त राम जायसवाल (उत्तर प्रदेश) : राम नरेश यादव, जी, यह सब चीजें तो उसमें हैं, पढ़ लीजिये ।

श्री राम नरेश यादव : हां, इसीलिये मैं कह रहा हूं आपसे। आप समझिये कि सचमुच में जिस तरह से कदम उठाया गया है। यह आपके लिये है, क्योंकि आप लोग तो वाक आउट करके चले जाते हैं। लेकिन सवाल यह है कि. . . (**व्यवधान**) . . .

श्री एन०के० पी० साल्वे : (महाराष्ट्र) : आप सुनिये और समझिये।

श्री यशवन्त सिन्हा : आपके ऊधर जाने के बाद कोई तरक्की हो रही है ?

श्री राम नरेश यादव : हां, तरक्की हो रही है । तरक्की हो रही है, इसीलिये तो आप लोग भाग जाते हैं । आप तरक्की को नहीं देखना चाहते हैं। . . (**व्यवधान**)

श्री एन०के०पी० साल्वे : तरक्की नहीं, सुधार हुआ है।

श्री राम नरेश यादव : महोदया, देश की आर्थिक स्थिति की तरफ भी महामहिम राष्ट्रपति जी ने सारा ध्यान खींचा है । मैं इसलिये कह रहा हूं कि जो लोग उधर बैठे हुये हैं और आज जो बहुत हंस भी रहे हैं, इन लोगों को भी . . . (**व्यवधान**) . .

श्री ईश दत्त यादव : महोदया, हमारा, एक निवेदन है ।

उपसभापति : यह पोइंट आफ आर्डर है या निवेदन है ?

श्री ईश दत्त यादव : पोइंट आफ आर्डर है। (**व्यवधान**)

उपसभापति : पोइंट आफ निवेदन ।

श्री ईश दत्त यादव : महोदया, मेरा निवेदन है कि माननीय यादव जी, अपने सारे भाषण में कांग्रेस की सरकार ने क्या किया है, क्या करेगी, इस पर कुछ नहीं कह रहे हैं (**व्यवधान**) केवल सारी आलोचना इधर की ही कर रहे हैं। मेरा आपसे निवेदन यह है कि . . . (**व्यवधान**)

श्री एन०के०पी० साल्वे : आपकी सरकार के बारे में जो कह रहे हैं, उसमें सब कुछ कह दिया है ।

श्री ईश दत्त यादव : आपकी सरकार की उपलब्धियां क्या है ? उत्तर प्रदेश जल रहा है, चार-चार, पांच-पांच . . . (**व्यवधान**)

उपसभापति : उनकी जो मरजी है, वह बोलेंगे । आपकी मरजी से थोड़ी बोलेंगे ।

श्री प्रमोद महाजन : (महाराष्ट्र) : एक उपलब्धि तो राम नरेश यादव जी स्वयं हैं, जो. . . (**व्यवधान**)

श्री ईश दत्त यादव : आपकी सरकार ने आज तक क्या किया, आप तो उसको बताइये । आप उधर की कुछ बात नहीं बता रहे हैं, आप इधर की बात बोल रहे हैं ।

उपसभापति : इसमें कोई निवेदन नहीं है, बैठिये । देखिये, राम नरेश जी, जिस बात का प्रैजीडेंट को शुक्रिया अदा करना चाहते हैं, वह बोल रहे हैं जो उनकी मरजी है । आप जो बोलना चाहे, आप बोलियेगा । उनकी मरजी है, वह जो चाहें, कहे ।

श्री यशवन्त सिन्हा : हम सब चाहते हैं कि वे लोग शुक्रिया अदा करें : (**व्यवधान**)

उपसभापति : दो मिनट और हैं । (**व्यवधान**)

श्री राम नरेश यादव : महोदया, पिछली सरकारों ने देश की आर्थिक स्थिति को इतना जर्जर कर दिया था, मैं विशेष रूप से इसलिए कह रहा हूं कि राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार बहुत ज्यादा करके

सत्ता में आयी थी कि देश की स्थिति खराब है, हम इसे ठीक करेंगे, हम इसे पटरी पर लाने का काम करेंगे। इनके सत्ता में आने के बाद देश की आर्थिक स्थिति जो 15 महीने में बिगड़ी और खराब हुई, वह तो बहुत ही चिंता का विषय रहा है। मैं इसलिए कहना चाहता हूं कि हमारी जो नयी सरकार आई है, इस सरकार ने जो कदम उठाये हैं, उन कदमों के परिणाम-स्वरूप ऐसी उपलब्धियां हुई हैं, जिनको ध्यान में रखकर आप लोग बाहर निकल जाते हैं, ताकि लोगों को सुनने का मौका ही नहीं मिले और इसलिए... **(व्यवधान)**

श्री यशवन्त सिन्हा : हम लोग बहुत तेजी से समाजवाद की ओर बढ़ रहे हैं... **(व्यवधान)**

THE DEPUTY CHAIRMAN: Still there is one more minute. Let him have his one minute.

श्री राम नरेश यादव : महोदया, सारे देश की आर्थिक स्थिति इतनी जर्जर करदी थी, अंतर्राष्ट्रीय जगत में हमारी साख इतनी गिरादी गई थी कि कोई देश आपको कर्ज भी देने के लिए तैयार नहीं हो रहा था। ऐसी भीषण आर्थिक स्थिति आपने पूरे मुल्क के पैमाने पर पैदा करदी थी। कोई देश आपको कर्ज तक देने के लिए तैयार नही हो रहा था, ऐसी भीषण आर्थिक स्थिति आपने पूरे मुल्क के पैमाने पर पैदा कर दी थी और तब ऐसी स्थिति में, सिन्हा जी यहां मौजूद हैं, वे तब फाइनेंस मिनिस्टर थे, वे हमारे मित्र भी हैं और उधर के सभी लोग हमारे मित्र हैं। मैं यह कह रहा था कि जहां करीब 5600 करोड़ रुपए का रिजर्व राजीव गांधी की सरकार ने छोड़ा था, ये लोग जो व्यवस्था में परिवर्तन करना चाहते थे, कहते थे कि देश की आर्थिक स्थिति को पटरी पर लाना चाहते हैं, इन लोगों ने पटरी पर लाते-लाते जो फारेन एक्सचेंज रिजर्व था, उसे इतना गिरा दिया कि एक्सीडेंट हो गया और 2100 करोड़ रुपए का फरेन एक्सचेंज रह गया। देश के लिए इससे बढ़कर चिंता की बात और क्या हो सकती है? महोदया, देश को गिरवी रखने की बात भी कही गई... **(व्यवधान)**

उपसभापति : राम नरेश जी, अब लंच का समय हो गया है। लंच आवर के बाद अगर आप बोलना चाहें तो जरूर बोलियगा।

The House is adjourned till 2.30 p.m. for lunch.

The House then adjourned for lunch at thirty-one minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-four minutes past two of the clock, **The Vice-Chairman (Shri Bashkar Annaji Masodkar)** in the Chair.

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS— Contd.

श्री राम नरेश यादव : मैं यह कह रहा था कि देश की आर्थिक स्थिति जर्जर हो गई थी और उस जर्जर स्थिति से निकालने की जिम्मेदारी नई सरकार के ऊपर आई। उस समय प्रश्न यह था कि कैसे भुगतान संतुलन की स्थिति को ठीक किया जाए, कैसे जो विदेशी मुद्रा रक्षित भंडार में कम हो गई है उसको सुधारा जाए। साथ-साथ कैसे उद्योग बढ़ाये जायें, आर्थिक स्थिति को ठीक करके विकास की गाड़ी को तेज किया जाए ये तीन प्रश्न देश के सामने थे और ये प्रश्न इसलिए सामने थे कि जो एन०आर०आई० है उनकी ऐसी स्थिति बन गई थी कि करीब-करीब 300 करोड़ रुपया प्रति सप्ताह यहां से बाहर ले जा रहे थे। बाहर से एन.आर.आई. की पूंजी आने के बजाए यहां से पूंजी को बाहर ले जाने का क्रम शुरू हो गया था जिससे काफी नुकसान था। इसी कारण विदेशी मुद्रा रक्षित भंडार में कमी हो गई थी। इसके साथ-साथ कोई दूसरा देश देने को तैयार नहीं था। इसीलिए सरकार को कुछ कदम उठाने की जरूरत थी।

पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स भी मंगाने थे। इस समय देश में फर्टीलाइजर का कुल उत्पादन एक करोड़ टन हो रहा है जबकि खपत 125 लाख टन है बल्कि इससे ऊपर ही है। इसलिए जरूरी है कि कृषि की तरफ ध्यान देना है, उत्पादन बढ़ाना है। इस बात को ध्यान में रख कर फर्टीलाइजर

(श्री राम नरेश यादव)

और दूसरे पदार्थों का आयात करना बहुत ही आवश्यक है। खाने के तेल की कमी है इसलिए उसे भी आयात करना जरूरी था, उद्योग के लिए कच्चा माल आता है, सूत आता है, दूसरी चीजें आती हैं जिसके आधार पर यहां इंडस्ट्री चले, कोई इंडस्ट्री पर दिक्कत न पहुंचे, उद्योग पर दिक्कत न पहुंचे। क्योंकि उद्योग में हमारे लोग लगे हुए हैं जबतक उद्योग का विकास नहीं होगा उनका स्तर ऊंचा नहीं उठ सकता। हमारे देश के उद्योग में कृषि को भी मिलाकर जो हमारे यहां की शक्ति है उसका सही ढंग से इस्तेमाल नहीं हो रहा था। तीन प्रश्न गम्भीर हमारे सामने थे। इसलिए कुछ कड़े कदम उठाना सरकार के लिए जरूरी था और सरकार ने कदम उठाये। उनमें पहला कदम तत्काल क्या था कि रुपये का अवमूल्यन करना पड़ा। उसके साथ-साथ निर्यात पर सब्सिडी कम की गई। फर्टीलाइजर पर सब्सिडी कम की गई। और भी क्षेत्रों में इस प्रकार के कदम उठाये गये। आयात की नीति में भी कुछ परिवर्तन किया गया। इंडस्ट्रियल पालिसी में दीर्घकालीन परिवर्तन किये गये। इन सब परिवर्तनों का नतीजा यह हुआ कि अन्तर्राष्ट्रीय जगत में अपने देश के बारे में विश्वास पैदा हुआ। जब विश्वास पैदा हो गया तो उसके परिणाम-स्वरूप दूसरे देशों के आई.एम.एफ. वर्ल्ड बैंक आदि में कुछ ऐसी स्थिति बनी कि हमारे देश की आर्थिक स्थिति सुधरी। यहां तक सुधरी कि जहां पर आपके पास आयात के लिए पर्याप्त विदेशी मुद्रा नहीं थी इन कदमों से वह इस लायक बन गई कि अब करीब 11 हजार करोड़ रुपए तक भंडार पहुंच गया है। साथ-साथ यहां का जो रुपया वापस जा रहा था 300 करोड़ रुपये प्रति सप्ताह के हिसाब से वह रुक गया बल्कि पूंजी निवेश भी होना शुरू हो गया। साथ-साथ देश में जो भ्रम फैल रहा था कि सरकार सोने को बेच रही है, देश के पैसे को उधर कर रही है, जो सोना वहां आर.बी.आई. का रखा गया था उस सोने को वापस ले लिया। यह सबसे बड़ी उपलब्धि थी कि वह देश की सम्पति बन गया। उसे रिडीम कर लिया गया। यह जो तीन चीजें हुईं उसके परिणाम-स्वरूप अन्तर्राष्ट्रीय जगत में आपके प्रति विश्वास की भावना फैली। पिछली सरकार के समय में विश्वास बिल्कुल खत्म हो गया था, कुछ करने को वह तैयार नहीं हो रहे थे उस स्थिति में परिवर्तन में आ गया। अब यह चल रहा है कि इसमें जी.डी.बी. का 6.5 परसेंट जो डेफिसिट है वह कम कर लिया गया। साथ-साथ जो मुद्रास्फीति थी उस पर भी नियंत्रण करना बहुत जरूरी था। क्योंकि मुद्रास्फीति बढ़ेगी तो उसका असर साधारण नागरिक पर पड़ेगा, गरीबों पर पड़ेगा, वह महंगाई का शिकार होगा। इस तरफ भी सरकार का ध्यान जाना जरूरी था। जो कदम उठाये गये उसके परिणामस्वरूप ही 16 फीसदी इन्फ्लेशन हो रहा था वह घटकर 13 या 12 फीसदी पहुंच गया। औद्योगिक नीति में जो छूट दी गई, उदारनीति जो अपनाई गई उसके परिणामस्वरूप उद्योग की तरफ लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। जो हमारे पब्लिक सेक्टर के उद्योग थे और जो सिक इंडस्ट्रीज थी इनके बारे में कई प्रकार की भावना उठने लगी। जिस टेक्नोलोजी के आधार पर देश के उत्पादन को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में सफल बनाने का काम और कम्पीट करने का जो मामला है उसको कुशलता के आधार पर प्रोडक्शन बढ़ाने का जो मामला है उसकी तरफ ध्यान देने की जरूरत थी। ये जो तीन चीजें थी, कुशलता और प्रोडक्शन में वृद्धि के साथ-साथ इन्टरनेशनल मार्केट में कम्पीट करने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए जो चीजें बनी, जो विदेशी निवेश की बात आई तो उनकी तरफ ध्यान दिया गया। अब तो 51 प्रतिशत निवेश होगा और उसके आधार पर जो उत्पादन होगा उसका एक्सपोर्ट किया जायगा। एक्सपोर्ट ओरिएन्टड जब हमारा व्यापार होगा तो इम्पोर्ट भी कुछ कम होगा। इस प्रकार से ट्रेड में जो इम्बेलेंस रह जाता है उस इम्बेलेंस को हम पूरा कर सकें और उसके बाद भी जो हमारा बजटीय घाट रह जाता है उससे और भी समस्यायें पैदा होती चली जाती हैं। हमारी सरकार ने उसको कम करने के लिए कदम उठाये हैं।

श्री संघ प्रिय गौतम : आपकी पार्टी के सब लोग तो वाक आउट कर रहे हैं।

श्री राम नरेश यादव : आप तो समर्थन कर ही रहे हैं । हमारे लोग तो समर्थन करते ही हैं । हमें खुशी है कि विपक्ष ने भी रचनात्मक आधार पर इस दिशा में अब कुछ सोचना शुरू किया है। इसलिए यह जो स्थिति आई है, उसमें एक चीज जरूर आती है और उसकी बहुत चर्चा विपक्ष की ओर से चलती है कि अपनी सावरन्टी को खतरे में डालकर उसको बेचने के लिए आई. एम. एफ. और वर्ल्ड बैंक के सामने उदारीकरण की नीति अपनाकर सरकार ने घुटने टक दिये हैं । इस देश में जो विदेशी पूंजी का निवेश होगा उसके आधार पर देश खतरे में पड़ जाएगा । जहां तक सरकार का सवाल है और कांग्रेस पार्टी का सवाल है, वह कुछ आदर्शों पर चलती रही है और जब भी देश की राष्ट्रीयता का सवाल आता है या देश की सावरन्टी का सवाल आता है, मैं यह कहना चाहता हूं कि इस देश का कोई भी नागरिक इस देश की सावरन्टी को ध्यान में रख कर कभी भी अपनी आजादी और देश की आजादी को खतरे में नहीं पड़ने देगा । चाहे वह आर्थिक आजादी हो, चाहे राजनैतिक आजादी हो, इनको वह कभी भी खतरे में नहीं पड़ने देगा । इसलिए इस संबंध में जो भ्रम फैलाने या उत्पन्न करने की कोशिश की जा रही है वह निराधार और निर्मूल है । सावरन्टी को बेचने का और आई. एम. एफ. और वर्ल्ड बैंक के सामने घुटने टकने का कोई सवाल ही नहीं पैदा होता है । उसका परिणाम यह देखने को मिल रहा है कि जो कदम उठाया गया है और जो बजटीय घाटा कम किया गया है, जो पहले सात करोड़ और कुछ था वह अब पांच करोड़ और कुछ रह गया है । जो हमारा एक्सपोर्ट और इम्पोर्ट का इम्बैलेन्स था वह भी कम किया गया है । इस तरह से जो सुधारात्मक कदम उठाय गये हैं उन सुधारात्मक कदमों का यह परिणाम हुआ है कि उनका हमारी आर्थिक स्थिति पर अच्छा असर हुआ है । जब हम सत्ता में आये थे उस वक्त जो चिन्ता व्यक्त की गई थी उससे उभरकर नई व्यवस्था से देश को नय माहौल में लाने का काम किया गया है । पहले जो आशंकायें व्यक्त की जा रही थी उन आशंकाओं को सरकार ने निर्मूल कर दिया है। हमारी ट्रेड पालिसी में कार्मस की पालिसी में और इंडस्ट्रियल पालिसी में यह शंका व्यक्त की जाती है कि हमारे पब्लिक अन्डरटेकिंग्स में जो घाटा चल रहा है उनके बारे में क्या किया जाय । हमारी सरकार भी सोचती है कि आखिर घाटे में चलने वाले उन उद्योगों का क्या किया जाय । इस संबंध में विपक्ष की तरफ से एक गलतफहमी पैदा करने की कोशिश की जाती है कि कहीं इनका प्राइवेटाइजेशन तो नहीं किया जा रहा है और उनमें जो मजदूर काम करते हैं उनकी छंटनी तो नहीं की जाएगी ? लेकिन हमारी सरकार की यह नीति है कि मजदूरों के हितों पर किसी प्रकार का कोई कुठाराघात नहीं किया जाएगा । सरकार की यह नीति है कि किसी भी कीमत पर किसी के साथ कोई अन्याय नहीं होगा । इसलिए जो सिक यूनिट्स हैं उनके लिए नई टक्नोलोजी और उनके रिस्ट्रक्चर के लिए, फाइनेन्स के लिए और ट्रेनिंग के लिए और उनकी दूसरी जगहों पर व्यवस्था के लिए एक नेशनल रिन्यूअल फण्ड सरकार ने स्थापित करने की शेष की है जसके लिए दो सौ करोड़ रुपयों को व्यवस्था की गई है । एसी स्थिति में जब यह सारी चीजें हो रही हैं तो मैं यह कहना चाहता हूं कि इस दिशा में कहीं भी किसी तरह की गलतफहमी नहीं होनी चाहिए और न ही पब्लिक सेक्टर को प्राइवेट हाथों में देने की बात होनी चाहिए । मैं यह भी कहना चाहता हूं कि मजदूरों की छंटनी का भी कोई सवाल नहीं है और न ही उनके हितों पर कुठाराघात करने का सवाल है । सरकार के सामने सवाल यह है कि कैसे इस देश की बढती हुई जन-शक्ति और बेकारी की समस्या को हल किया जाय । सरकार ने इन सवालों को ध्यान में रख कर ही सारे कदम उठाय हैं ।

जहां तक मार्डन टेकनोलोजी का सवाल है, जापान और जर्मनो जैसे देश, जिन्होंने विध्वंस होने के बाद भी नई टेक्नोलोजी के आधार पर अपना आर्थिक विकास किया है, उन्होंने दूसरे देशों से नई टेक्नोलोजी लेकर अपना आर्थिक विकास किया । इसलिए भारत को भी आज की मौजूदा परिस्थितियों में इन्टरनेशनल मार्केट में कम्पीट करने के लिए, प्रतिस्पर्धा में आने के लिए, अच्छा माल पैदा कर सके और विकास की गति जो को तेज कर सके, नई टेनोलोजी को अपनाना होगा । अगर उस टेक्नालाजी के आधार पर अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार, इसका इस्तेमाल

[श्री राम नरेश यादव]

करके भारत आगे बढना चाहता है तो इसमें सारे देश के लोगों की सहमति होनी चाहिये और इसमें कहीं पर किसी भी तरह के विरोध का सवाल खड़ा न हो, इसीलिये राष्ट्रपति महोदय ने अपने भाषण में उस नीति का बहुत गंभीरता के साथ समावेश किया है।

इसके साथ साथ एक प्रश्न और खड़ा होता है और वह है कि क्यों कि कृषि और उद्योग ये दोनों ऐसे क्षेत्र हैं जिनके आधार पर देश की आर्थिक व्यवस्था ठीक की जा सकती है, जहां एक तरफ उद्योगों में टेक्नालाजी का काम चल रहा है, वहां पर नयी टेक्नालाजी के आधार पर कृषि के उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में, उत्पादन बढाने, उत्पादकता को बढाने और फिर उसकी गुणवत्ता को बढ़ाने का काम हमारे सामने है। इसी के साथ साथ मार्केटिंग का काम, उसकी व्यवस्था का काम, उसके भंडारण का काम ये सारी ऐसी चीजें हैं जिनके आधार पर हम कृषि के क्षेत्र में आगे बढ सकते हैं। यहां पर कृषि विज्ञान केन्द्र खुले हुए हैं, आई.सी.ए.आर. जो है उसके बहुत जगहों पर केन्द्र खुले हुए हैं। य नयी नयी प्रजातियों को जन्म देने का काम करते हैं, उनकी खोज करने का काम करते हैं और खोज के आधार पर किसानों के लिये नय बीज तैयार करने का काम करते हैं। आज इसकी आवश्यकता है ताकि इंटरनेशनल मार्केट में हम अपने देश के उत्पादन को खपा सकें। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। 1947 में अपने चेश की आबादी 34 करोड़ थी जो आज बढकर 85 करोड़ हो गयी है। जहां हम मात्र 51 मिलियन टन अनाज पैदा करते थ वहां आज 17 मिलियन टन पैदा कर रहे हैं। लेकिन इसके साथ देश की बढती हुई जनसंख्या एक समस्या है। कैसे हम इस जनसंख्या पर काबू पायें? अनुमान है 2000 के अंत तक करीब 1 अरब हमारे देश की जनसंख्या हो जायगी और हमें 240 मिलियन टन खाद्यन्न की जरुरत पड़ेगा। इसके लिए आवास का सवाल भी है, शिक्षा भी है, पीने के पानी का सवाल है, उनको काम देने का सवाल है, उनको स्वस्थ रखने की सवाल है। ये सारी समस्यायें आयेंगी। इसीलिय इन तमाम समस्याओं को सामने रखकर हमें कृषि की तरफ विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है और इसकी तरफ राष्ट्रपति महोदय का ध्यान गया है। इसको करने के लिये कृषि क्षेत्र में जो नये नये औजार हैं, जो नयी नयी तकनीक हैं उसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। विशेषकर दलहन और तिलहनों का हमारे देश में बहुत ही अभाव खटकता है। हमें दलहन और तिलहन बाहर से मंगाने पड़ते हैं और इसके लिये हमें अधिक विदेशी मुद्रा देनी पड़ती है। अगर हमारे पास पैसा नहीं है, विदेशी मुद्रा नहीं है तो फिर हमें इन्हें कैसे बाहर से मंगा सकते हैं। इसलिय कृषि को आगे बढ़ाने के लिय हमें काम करना चाहिये। वसे तो इस समय कृषि क्षेत्र में 8 हजार करोड़ रुपये का निर्यात हमारी सरकार करती है, लेकिन इतना पर्याप्त नहीं है। प्रश्न यह है कि कैसे हम अधिक से अधिक विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकें। अधिक विदेशी मुद्रा को अर्जित करने के लिये देश की आर्थिक स्थिति को ठीक करना आवश्यक है। इन सब चीजों को ध्यान में रखकर कृषि क्षेत्र की ओर और अधिक ध्यान दिया जाना चाहिय। इसके लिय बिजली और वाटर मनेजमेंट बहुत जरूरी है। इन सारी चीजों को ध्यान में रखते हुए जो हमारी आई. सी.ए.आर है और जिसके तहत जो आयाल सीड्स के टेकनालाजी मिशन हैं, जो नेशनल डेरी डवलपमेंट बोर्ड है, इनको और विकसित करने की जरूरत है ताकि ये चीजें एक्सपोर्ट ओरियेंटेड हो सके।

इसके बाद जो हमारे यहां ड्राउट प्रोन एरियाज हैं, जहां पर सूखा पड़ता है, उनकी तरह भी ध्यान देने की आवश्यकता है। कुल हमारे देश की कृषि का जो क्षेत्र है उसमें से 70 प्रतिशत कृषि का क्षेत्र वर्षा पर निर्भर है और 30 फीसदी क्षेत्र ऐसा है जहां पर सिचाई होती है। जो यह स्थिति है, इस स्थिति को ठीक करने के लिये विशेष कार्यक्रम विशेष अभियान चलाने की जरूरत है। इसके लिए डेजर्ट डवलपमेंट प्रोग्राम की बहुत जरूरत है। ऐसी जगह पर किस तरह से खेती हो, ये ऐसे प्रश्न हैं जिन पर हमारी सरकार का ध्यान गया है। इसमें सरकार की नीतियों के संबंध में राष्ट्रपति महोदय ने अपने भाषण में संकेत दिया है जो इस बात का सबूत है कि सचमुच में किस तरह से उद्योग और कृषि को एक साथ रखते हुए दोनों में तालमेल रखते हुए देश में

